हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

10 खेत में उतर कर डीसी ने परखी डिजिटल क्रॉप सर्वे...



10 किसानों-सामाजिक मुद्दों पर मजबूती से काम करेंगे



खबर संक्षेप

खाते से डेढ़ लाख गायब धोखाधड़ी का मामला दर्ज

जींद। उपभोक्ता के खाते से लगभग डेढ़ लाख रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजीव कालोनी सफीदों निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मार्केटिंग का कार्य करता है। उसका बैक ऑफ बड़ौदा का क्रेडिट कार्ड है। जिसके साथ उसका मोबाइल नंबर जुड़ा हुआ है। गत दो अक्टूबर को उसके खाते से लगतार रुपये कटने के मैसेज आए।

गांव बेलरखां फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ नरवाना ने बेलरखां गांव में हुए गोलीकांड में शामिल एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान तलवंडी, जिला पटियाला पंजाब निवासी जीवनप्रीत उर्फ जोबन के रूप में हुई है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि दो अक्टूबर को गांव बेलरखां में समाना (पंजाब) व बेलरखां के युवकों में लेनदेन के मामले को लेकर आपस में बहस हो गई थी। जिसमें कुलजीत के साथी गुरजंट सिंह वासी साधुगढ़ ने गुस्से में आकर अजय वासी बेलरखां के ऊपर फायर कर दिए थे।

पराली जली तो अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज

जींद। धान की कटाई के साथ खेतों में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सफीदों प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि खेत में आगजनी की सूचना मिलते ही मौके पर जांच कर दोषी पाए जाने वाले किसानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को भी चेताया कि पराली जलाने की रोकथाम में किसी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

महिला से चैन झपटने का आरोपित गिरफ्तार

जींद। गांधी नगर में रात को टहल रही महिला के गले से सोने की चैन झपटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव सिवाहा निवासी सोमबीर उर्फ जोकर के रूप में हुई है। गौरतलब है कि गांधी नगर निवासी सोनिया सोमवार रात अपनी पड़ोसन के साथ गली मे टहल रही थी। मकान से कुछ दूरी पर पीछे से आए युवक ने सोनिया के गले से सोने की चैन झपट ली और वापस मुड़ कर फरार हो गया।

हैफेड के गोदाम से गेहूं के 60 कट्टे चोरी

कैथल। चीका के गांव कल्लर माजरा स्थित हैफेड के गोदाम से चोरों ने गेहूं के 60 कट्टे चोरी कर लिए। मामले में चीका थाना पुलिस ने 4 आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हैफेड के फील्ड इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि वह चौकीदार प्रेमी के साथ गोदामों की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान गेट खुलने की आवाज सुनाई दी। चौकीदार के साथ देखा तो लकड़ी की क्रेट के सहारे दीवार फांदकर चार युवक मौके से भागते दिखाई दिए।

जानलेवा हमला करने के मामले में 5वां आरोपी काबू

कैथल। जींद रोड के पास युवकों पर जानलेवा हमला करने के मामले में युवकों की रैकी करने वाले आरोपी को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। उक्त मामले में 3 आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव किठाना निवासी अमन की शिकायत अनुसार वह 24 अप्रैल को अपने दोस्त सिरटा निवासी साहिल और कैथल निवासी मुकेश उर्फ संजू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सरकारी हस्पताल कैथल जा रहे थे।

नरवाना मंडी में धान डालने की जगह न बचने तथा किसानों का पंजीकरण वेरिफाई न होने से रोष

आढ़तियों ने अनाज मंडी गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मांगें जल्द नहीं पूरी की तो बड़ा कदम उठाएंगे

नरवाना अनाज मंडी में धान डालने की जगह न बचने तथा किसानों का पंजीकरण वेरिफाई न होने के विरोध में आढ़तियो ने मंगलवार को अनाज मंडी गेट पर ताला जड़ दिया। तालाबंदी के दौरान आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। नरवाना ई अनाज मंडी के आढ़तियों का मंगलवार को उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब मंडी में फसल डालने को जगह नही बची। खफा आढ़ती मंडी गेट पर आ गए और ताला जड़ दिया। अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान जयदेव बंसल ने कहा कि मंडी में धान तथा बाजरे की आवक तेज हो गई। खरीद प्रक्रिया व उठान धीमा होने के कारण मंडी मे फसल डालने की जगह नही बची है। मंडी में काफी ऐसे किसान भी हैं, जिनकी फसल मंडी में पड़ी हुई है लेकिन उनका पंजीकरण वेरिफाई नही हो पा रहा है। जिसके चलते अनाज मंडी में फसलों के ढेर लग गए हैं। फसल की आवक को देखते हुए पहले ही व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए था। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि किसानों तथा आढ़तियों को फसल संभालने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की अधिक समय तक मंडी में रूकना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि मंडी में धान फसल रखने के लिए प्रबंध किया जाए। उठान में तेजी लाई जाए ताकि किसानों तथा आढ़तियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जब अधिकारियों से बातचीत की जाती है तो वे चंडीगढ़ से समाधान होने की बात करते हैं। उन्होने कहा कि एक एकड़ में 36 क्विंटल तक धान फसल होती है। जबकि सरकार 24 क्विंटल धान का उत्पादन मानती है। ऐसे हालात में किसान 12 क्विंटल फसल का क्या करें, यह भी बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि सरकार की नियत ठीक नही है। किसान अपनी फसलों को लेकर पिछले दस दिनों से मंडियों मे डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने चेताया कि अगर उनकी मांगे जल्द नही पूरी की गई तो आढ़ती तथा किसान बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस दौरान आढ़तियो ने सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।



जींद। ताला जड़ कर रोष जताते किसान। *फोटो :हरिभूमि*

किसानों ने अलेवा अनाज मंडी में दिया धरना

जींद। अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी अलेवा के आह्वान पर मंगलवार को अलेवा अनाज मंडी में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता तहसील प्रधान वेद प्रकाश ने की। जबकि संचालन करतार सिंह ने किया। इस दौरान किसानों ने खरीफ फसलों की खरीद को लेकर सरकार द्वारा लगाई गई विभिन्न शर्तों और पाबंदियों के खिलाफ जोरदार रोष जताया। धरने को संबोधित करते हुए प्रताप नंबरदार, बलजीत सिंह, जय सिंह सहित किसान नेताओं ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके फसल तैयार करता है लेकिन मंडी में फसल बेचने पहुंचने पर उसे सरकार की जटिल शर्तों और विभागीय प्रक्रिया के कारण परेशान होना पड़ रहा है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और इसके बावजूद उन्हें घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ नहीं मिल पा रहा। किसान नेताओं ने कहा कि बाजरा 2300 रुपये प्रति क्विंटल से भी कम कीमत पर बिक रहा है, जबकि धान की खरीद में भी किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई किसानों का फसल पंजीकरण समय पर नहीं हो पाया। जिन किसानों ने पंजीकरण करवाया है, उनमें भी फसल पंजीकरण और सरकार के सैटेलाइट सर्वे के आंकड़ों का मिलान नहीं होने के कारण मंडियों में गेट पास तक नहीं काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा फसल कटाई के समय को लेकर लगाई गई पाबंदी तथा प्रति एकड़ धान खरीद की सीमा किसानों के हितों के खिलाफ है। किसानों की मांग है कि उनकी पूरी पैदावार एमएसपी पर खरीदी जाए न कि प्रति एकड़ सीमा निर्धारित करके उन्हें खुले बाजार में कम दाम पर फसल बेचने के लिए मजबूर किया जाए। किसान नेताओं ने धान में नमी की निर्धारित सीमा को लेकर भी सरकार को घेरा।

एक सप्ताह से अटकी पीआर धान की खरीद प्रारंभ

नमी मानकों पर खरी उतरी 251 क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नई अनाज मंडी में खरीद आदेश जारी होने के करीब एक सप्ताह बाद भी पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने का मामला मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के हस्तक्षेप के बाद आगे बढ़ा। मंडी पहुंच कर उन्होंने किसानों, आढ़तियों और अधिकारियों से खरीद की स्थिति जानी और अपने सामने धान की नमी जांच करवा कर निर्धारित मानकों पर खरी उतरने वाली करीब 251 क्विंटल धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू करवाई। डिप्टी स्पीकर ने बाजरे की ढेरी का भी निरीक्षण किया और निर्धारित मानकों पर खरा उतरने वाले बाजरे की एमएसपी पर खरीद का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने गेट नंबर 2 स्थित अटल कैंटीन में बैठकर खाना खाया और भोजन की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश आर्य देरी से पहुंचे तो डिप्टी स्पीकर ने कहा कि जब आपको समय से आने के बारे में जानकारी दी गई थी तो लेट क्यों आए। इस पर अधिकारी ने जवाब दिया कि डीएम आए हुए थे। उनको कुछ काम हो गया था।



नगूरां खरीद केंद्र पर धान की खरीद शुरू न होने पर विरोध जताते किसान व आढती।

आढतियों तथा किसानों ने जताया विरोध

अलेवा अनाज मंडी तथा नगूरां खरीद केंद्र पर आवक तेज होने के बाद मंगलवार को भी धान की पीआर किस्म की सरकारी खरीद शुरू नही हो सकी है। सरकारी खरीद शुरू न होने से किसानों व आढ़तियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा बेशक धान की पीआर किस्म की सरकारी खरीद के लिए एक अक्टूबर की निर्धारित की गई हो लेकिन सरकार द्वारा निर्धारित तिथि के बाद भी धान की पीआर किस्म की सरकारी खरीद शुरू नही हो सकी है। अलेवा अनाज मंडी तथा नगूरां खरीद केंद्र पर धान की पीआर किस्म की फ सल बेचने आए विभिन्न किसानों ने बताया कि 25 सितंबर को अनाज मंडी व खरीद केंद्र में धान की पीआर किस्म की फ सल बेचने के लिए आए है। सरकारी खरीद न होने से मंडी व खरीद केंद्र में ही रह कर अपनी फ सल की रखवाली करने को बाध्य होना पड़ रहा है। हैफेड की परचेज निरीक्षक बिरमती ने बताया कि मामले को लेकर उच्चाधिकारियों से बात हो चुकी है। जल्द ही नगूरां खरीद केंद्र पर धान की खरीद शुरू कर दी जाएगी। किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

किसान बोले-ये कैसी आजादी

किसान बोले कि ये तमाम शर्तें किसानों के पक्ष में नहीं है। सरकार व प्रशासन का काम नियमों और खरीद प्रक्रिया को आसान बनाने का होना चाहिए लेकिन आपके ये नियम किसानों का उत्पीड़न करने वाले है। जिसे अखिल भारतीय किसान सभा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मंडियों में फ सल खरीद के लिए लगाई गई तमाम किसान विरोधी शर्तें और निर्देश वापस लिए जाएं मंडी में किसान की पूरी फ सल की जितनी उसकी पैदावार है उसकी खरीद एमएसपी पर सुनिश्चित की जाए। किसान को किसी भी या अपनी नजदीक की मंडी में फ सल डालने की अनुमति दी जाए। सभी किसानों की चाहे उनका पंजीकरण है या नहीं है, आपके आंकड़ों का मिलान हो रहा है या नहीं। किसान की फ सल को खरीदा जाए। फ सल कटाई पर लगाई गई समय की पाबंदी हटाई जाए।

पीआर धान की नमी के नाम पर खुली लूट: रामपाल



इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा धान लूट को लेकर अनाज मंडी कैथल में रोष जताते।

कैथल। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में पीआर धान खुली लूट हो रही है। नमी के नाम पर किसानों को सरेआम लूटा जा रहा है। पीआर धान की आठ दिनों से खरीद हो रही है, बावजूद इसके एक भी ढेरी समर्थन मूल्य पर नहीं खरीद जा रही है। धान में नमी बताकर कट लगाया जा रहा है। तमाम नार्मज पूरे होने के बावजूद जानबूझ कर कट लगाया जा रहा है। इस घोटाले में आढ़ती, राइस मिलर्स और अधिकारी मिले हैं। सरकार का कोई भी नुमाइंदा मंडियों में नहीं आ रहा है।

पूंडरी: धान के चरम सीजन में अनाज मंडी के रास्ते बंद होने से सड़कों पर धान डालने से बढ़ रही दिक्कत

पूंडरी। अनाज मंडी पूंडरी में इन दिनों धान का सीजन पूरे यौवन पर है। मंडी में बड़ी मात्रा में धान की आवक होने के कारण जगह-जगह धान की ढेरियां लगी हुई हैं और मंडी परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। इसी बीच कुछ आढ़तियों द्वारा मंडी की सडक़ों पर भी धान डलवाने के कारण स्थिति और अधिक विकट हो गई है। सडक़ों पर धान पड़ा होने से कई स्थानों पर रास्ते संकरे हो गए हैं, जिससे वाहनों के साथ-साथ किसानों और आम लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। मंडी में धान की भारी आवक के चलते पहले ही जगह की कमी बनी हुई है। ऐसे में सडक़ों पर धान डाल दिए जाने से मंडी के भीतर आवागमन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। धान से भरे वाहन और अन्य वाहन कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति में फंसते दिखाई दे रहे हैं। इससे धान के उठान कार्य पर भी असर पडऩे की आशंका बनी हुई है। मंडी की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मार्केट कमेटी सचिव और अनाज मंडी प्रधान की ओर से मंडी के विभिन्न ग्रुपों में संदेश जारी कर आढ़तियों से रास्ते खाली रखने की अपील की गई है। संदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी आढ़ती द्वारा रास्ता बंद किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



पूंडरी। धान व कट्टों से भरी पड़ी पुरानी अनाज मंडी पूंडरी। *फोटो :हरिभूमि*

टैलेंट सर्च शो के दौरान दो छात्र गुट आपस में भिड़े

जींद। नरवाना के एमएम कॉलेज में टैलेंट सर्च शो के दौरान दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। छात्रों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। विवाद बढऩे पर कॉलेज प्रशासन को कार्यक्रम बीच में रोककर पुलिस बुलानी पड़ी। मामला शांत होने के बाद दोबारा कार्यक्रम शुरू करना पड़ा। कॉलेज प्राचार्या इसे बाहर से आए लोगों की शरारत बताया है। हालांकि कॉलेज प्रशासन की तरफ से पुलिस को मामले की लिखित शिकायत नहीं दी गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को एमएम राजकीय महाविद्यालय में टैलेंट शो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। इसी दौरान दो छात्र गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें दोनों तरह से थप्पड़ मुक्कों व लात घुसों के साथ एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गई। जिससे कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। जिससे कॉलेज प्रशासन को कार्यक्रम बीच में रोककर स्थिति को कंट्रोल करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

छह लाख की बिजली चोरी पकड़ी संदिग्ध 5 मोटरसाइकिल इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला जींद में नशे के कारोबार पर प्रभावी ढंग से शिकंजा कसने तथा जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री, सप्लाई एवं अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को पीपलथा गांव में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डीएसपी नरवाना कमलदीप राणा तथा थाना गढ़ी प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने किया। निरीक्षण में बिजली निगम की टीम भी साथ रही। निगम टीम ने छह लाख की बिजली चोरी पकड़ी। वहीं संदिग्ध मिले पांच मोटरसाइकलों को इम्पाउंड किया किया गया। उप पुलिस नरवाना कमलदीप राणा ने जानकारी देते बताया कि पुलिस की विभिन्न टीमों के साथ सीआईए टीम, एंटी नारकोटिक सैल, थाना गढ़ी की पुलिस टीम, डॉग स्क्वायड तथा बिजली विभाग कि स्युंक्त टीमों ने भाग लिया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने पीपलथा गांव एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर एक साथ पहुंच कर संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध मकानों, किराये के मकानों तथा नशे के कारोबार से जुड़े संभावित ठिकानों की गहनता से जांच की गई। नशे के खिलाफ जींद पुलिस द्वारा लगातार सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पिपल्था गांव सहित अन्य स्थानों पर पुलिस टीमों ने एक साथ सर्च एवं चेकिंग अभियान चलाय। अभियान के दौरान नशे के कारोबार में संलिप्त होने के संदेह वाले व्यक्तियों के ठिकानों, मकानों, किराये के मकानों तथा अन्य संभावित स्थानों की बारीकी से जांच की गई।

पानी पीने के बहाने महिला से छीनी सोने की तबीजी

जींद। गांव कर्मगढ़ में बाइक सवार दो युवकों ने पहले बुजुर्ग महिला से पानी मांगा। फिर उसके गले से सोने की तबीजी तोड़ कर फरार हो गए। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाइक सवार दो अज्ञात युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कर्मगढ़ निवासी प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पशुबाड़ा घर से कुछ दूर सड़क पर है। उसकी बुजुर्ग मां सरजा देवी पशुबाड़े में गई हुई थी। उसी दौरान बिना नंबर की बाइक पर दो युवक पशुबाड़े के सामने आए। युवकों ने उसकी मां से पानी पीने की इच्छा जताई। जब उसकी मां अंदर से पानी लेकर आई तो युवकों ने उसी दौरान झपट्टा मार कर सोने की तबीजी झपट ली। जिसके बाद आरोपित बाइक से फरार हो गए। बाद में ग्रामीणों ने संदिग्ध बाइक सवारों का पीछा भी किया लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।



पूंडरी। धरना-प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी व यूनियन पदाधिकारी।

बिजली कर्मचारियों को धरना जारी, जमकर नारेबाजी

पूंडरी। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की सभी सब यूनिटों की ओर से यूनिट पूंडरी के आह्वान पर सोमवार को डिविजन परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चला। कर्मचारियों ने यूनिट पूंडरी के जेई सुनील और जेई नरेश के तबादलों के विरोध में कार्य निलंबित कर रोष जताया। यह धरना-प्रदर्शन लगातार चौथे दिन जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सब यूनिट नंबर-2 ?????? के प्रधान सतीश कुमार ने की, जबकि मंच का संचालन हरियाणा महासंघ के जिला कैशियर कुलदीप सिंह ने किया। कर्मचारियों ने दोनों जेई के तबादलों को अनुचित बताते हुए इन्हें रद्द करने की मांग की। सतीश कुमार ने कहा कि विधायक सतपाल जांबा की ओर से विभागीय नियमों के खिलाफ दबाव बनाकर काम करवाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कर्मचारी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि विधायक और निगम प्रशासन के रवैये से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों की ओर से शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया जा रहा है।

युवती को पार्सल भेजने का झांसा देकर हड़पे दो लाख

जींद। गांव डूमरखां कलां में युवती को पार्सल भेजने का झांसा देकर दो लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव डूमरखां कलां निवासी प्रमिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 सितंबर को उसके व्हाट्सअप पर कॉल आई। जिसने कहा कि उसके पास पार्सल भेजा है। कुछ समय के बाद दूसरे नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली एयरपोर्ट से बोल रहा है। उसने पार्सल आने की बात भी कही। कॉल करने वाले ने कहा कि पार्सल का वजन ज्यादा है। इसके लिए उसे 18020 रुपये भेजने होंगें। जिसके लिए उसने स्कैनर को भेजा। उसने राशि को अपने जानकार के खाते से भेज दिया। जिसके बाद उसके फोन पर कॉल आई। जिसने कहा कि पार्सल मे सोने के जेवरात तथा हीरे, विदेशी करंसी है।

सोना जीतने वाली भांजी का जींद में मामा के घर बैंड बाजे से हुआ स्वागत

कीर्ति शर्मा ने देश का कीर्तिमान बढ़ाया : अनुराधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एशियन गेम्स में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली कीर्ति शर्मा मंगलवार को जींद में रह रहे अपने मामा के घर पहुंची। देश का कीर्तिमान बढ़ाने वाली कीर्ति शर्मा का इस दौरान सफीदों रोड़ पर बैंड बाजो के साथ भरपूर स्वागत किया गया। नानी शकुंतला, मामा सूरजमल शर्मा और मामा रामजुवारी सहित दर्जनो लोगों ने सोना जीतने वाली अपनी भांजी को नोटो की मालाओं से लाद दिया। इस दौरान कीर्ति शर्मा की नानी अपनी खुशी को रोक नहीं पाई और उम्र के खास पड़ाव में भी जमकर झूमी। इस दौरान नगर परिषद की चेयरपर्सन डॉ. अनुराधा सैनी ने कीर्ति शर्मा को फुलो की माला पहनाते उसे देश का गौरव करार दिया। डॉ. अनुराधा सैनी ने कहा कि देश की बेटिया शिक्षा और खेल क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए परिवार ही नहीं पूरे राष्ट्र का नाम रोशन कर रही है। भाजपा सरकार खिलाडिय़ों की सुविधा के लिए पूरी संजीदगी दिखा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रो और खिलाडिय़ों के हित में अनेको योजनाए चलाई हुई है। इस दौरान वहां मौजूद गांव ब्राह्मणकलां के सरपंच सुरेश कुमार गौतम ने कहा कि कीर्ति शर्मा ऑलंपिक में भी देश का मान-सम्मान बढ़ायेगी। कहा कि ग्रामीण आंचल की बेटियों का अब निरंतर मनोबल बढ़ता जा रहा है। इस दौरान समाज सेवी सन्नी सैनी ने कहा कि कीर्ति ने जो बड़ी उपलब्धी पाने का काम किया है उससे दूसरी लड़कियो के भी हौसले बुलंद हुए है।



जींद। एशियन गेम में गोल्ड मेडल विजेता कीर्ति शर्मा और उनके माता-पिता का जींद में स्वागत करते नप चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी और अन्य प्रबुद्ध लोग। *फोटो :हरिभूमि*



खबर संक्षेप

सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों का जायजा

जींद। सेवा ज्योति यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने अर्जुन स्टेडियम पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों से अब तक की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी प्रबंध निर्धारित समय से पहले पूरे किए जाएं ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

रामराय के तीन शिक्षकों को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान

जींद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामराय के तीन शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। केंद्रीय आर्य युवक परिषद की ओर से अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूलए जींद में आयोजित श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह में विद्यालय की प्राचार्य ज्योति शर्माए गणित प्राध्यापक कुलदीप लोहान और इतिहास प्रवक्ता पूनम को सम्मानित किया गया। समारोह में परिषद के पदाधिकारियों और आर्य समाज के विद्वानों ने तीनों शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए।

पिता के सपनों को पूरा करने में जुटे विधायक

उचाना। समाजसेवी सुरेश गर्ग उचाना खुर्द ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री अपने पिता स्व. चतरभुज अत्री के सपनों को पूरा करने के साथ-साथ जनसेवा को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्व. चतरभुज अत्री हमेशा आमजन के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाते थे, उसी तरह विधायक देवेंद्र अत्री भी लगातार जनता के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं। सुरेश गर्ग ने कहा कि विधायक के प्रयासों से पुरानी मंडी और रेलवे रोड पर बारिश के पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

नेशनल जूडो प्रतियोगिता में छाई छात्रा सनाया

जींद। 29 सितंबर से चार अक्टूबर तक हरियाणा के असंध में सब जूनियर नेशनल जूडो प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन स्कूल की छात्रा कुमारी सनाया पुत्री अमित ने भाग लिया और ब्रॉज मेडल प्राप्त किया। इस खिलाड़ी की बाउट कई स्टेट के खिलाड़ियों के साथ हुई। कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड और दिल्ली सभी के साथ खेलते हुए कुमारी सनाया ने जीत हासिल की और ब्रॉज मेडल पर कब्जा किया। स्कूल पहुंचने पर छात्रा सनाया को स्कूल प्रधान महावीर गुप्ता ने सम्मानित किया और कहा कि आगे चल कर भविष्य में यह छात्रा स्कूल का ही नहीं पूरे देश का नाम रोशन करेगी।

पेयजल संरक्षण जरूरी बर्बाद पर होगी कार्रवाई

जींद। जल संरक्षण बहुत जरूरी हैस इसलिए पेयजल को सर्विस स्टेशन, हरी सब्जी व हरा चारा लगाने में उपयोग किया तो ऐसे उपभोक्ता के पेयजल कनेक्शन काट कर उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी ताकि हर घर तक पीने का पानी उपलब्ध हो सके। यह बात हर घर तक स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने के अभियान की समीक्षा करने के बाद के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना ने कही।

उचाना में नर्सिंग स्टॉफ का दो घंटे का पेन डाउन

उचाना। उचाना नागरिक अस्पताल में मंगलवार को नर्सिंग स्टॉफ ने मॉडल ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में दो घंटे का पेन डाउन किया। नर्सिंग स्टॉफ ने सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कामकाज से दूरी बनाकर अपना विरोध दर्ज कराया। अस्पताल में मेन गेट पर धरना देकर रोष प्रकट किया। नर्सिंग ऑफिसर सुमन लता ने बताया कि मॉडल ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में नर्सिंग एसोसिएशन की ओर से 7 अक्टूबर को भी सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दो घंटे की हड़ताल की जाएगी।

पटवारियों को खेत में जाकर एंट्री करने के दिए निर्देश

खेत में उतर कर डीसी ने परखी डिजिटल क्रॉप सर्वे की हकीकत

किल्ला नंबर से लेकर फसल की फोटो और लोकेशन तक स्वयं जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭| जींद



जींद। निरीक्षण के दौरान जानकारी हासिल करते डीसी डा. वैशाली शर्मा। फोटो :हरिभूमि

गांव बड़ौदी पहुंच कर डीसी डा. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने केवल कार्यालय स्तर पर सर्वे की प्रगति की जानकारी लेने के बजाय स्वयं खेतों में पहुंच कर डिजिटल क्रॉप सर्वे की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से परखा। इस दौरान उन्होंने कई एकड़ खेत में पैदल चल कर खड़ी फसलों का जायजा लिया तथा पटवारियों द्वारा मोबाइल एप पर की जा रही फसल की एंट्री की प्रक्रिया को समझा। निरीक्षण के दौरान जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, तहसीलदार शालिनी लाठर, नायब तहसीलदार बलराम सहित संबंधित पटवारी मौजूद रहे।

डीसी ने खेत में पहुंच कर डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत खड़ी फसल की फोटो मोबाइल एप पर अपलोड कर स्वयं एंट्री दर्ज की। उन्होंने डिजिटल सर्वे में दर्ज किए जा रहे किल्ला नंबर का सीजरा से मिलान किया और मौके पर फसल की वास्तविक स्थिति तथा डिजिटल रिकॉर्ड में दर्ज विवरण का अवलोकन किया। उन्होंने पटवारियों से सर्वे की प्रक्रिया, अबतक की प्रगति और मौके पर आने वाली तकनीकी दिक्कतों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। पटवारियों ने डीसी को बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान कई बार मोबाइल एप पर लोकेशन से संबंधित तकनीकी परेशानी आती है। इस पर डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस खेत और एकड़ में फसल का सर्वे किया जाना है, पटवारी उसी खेत के अंदर पहुंच कर फसल की फोटो एवं अन्य विवरण दर्ज करें। उन्होंने कहा कि खेत के नजदीक अथवा सड़क पर खड़े होकर सर्वे करने की बजाय संबंधित फसल वाले खेत में पहुंच कर ही एंट्री की जाए ताकि लोकेशन सही तरीके से दर्ज हो और डिजिटल सर्वे में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों की फसल का महत्वपूर्ण डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की दिशा में अहम कार्य है। इसलिए प्रत्येक एंट्री पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ की जाए। फसल, किल्ला नंबर, सीजरा तथा लोकेशन का सही मिलान करते हुए सर्वे कार्य को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जाए। डिजिटल क्रॉप सर्वे के निरीक्षण के बाद डीसी डा. वैशाली शर्मा ने गांव बड़ौदी के राजकीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों, उपस्थिति तथा स्कूल के रजिस्टरों की जांच की। इस दौरान उन्होंने कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों द्वारा प्रश्नों के सही उत्तर दिए जाने पर डीसी ने उनकी पीठ थपथपा कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों की शिक्षा की बुनियाद मजबूत करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल पढ़ाई तक सीमित न रहें बल्कि खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेंए ताकि वे भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।

मिड डे मील में गुणवत्ता का लिया जायजा

डीसी ने विद्यालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जा रहे मिड डे मील का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं पौष्टिकता का जायजा लिया तथा संबंधित स्टाफ से भोजन की व्यवस्था और मेन्यू के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ.सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व स्कूल स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ धरातल पर पात्र लोगों तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से विकास कार्योंए राजस्व संबंधी कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य जनकल्याणकारी सेवाओं की नियमित रूप से मौके पर जाकर समीक्षा की जा रही है।

खबर संक्षेप



बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति किया जागरूक

जींद। सेवा संकल्प अभियान के तहत नरवाना ब्लॉक के गांव धरोदी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, पोषण एवं एनीमिया से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुमन ने बच्चों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां करवाकर उनके सूक्ष्म विकास को बढ़ावा दिया। बच्चों से आटे की गोलियां बनवाकर गतिविधि के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित किया गया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय ने बच्चों को कविताएं करवाईं। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र भेजने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के सामाजिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के साथ-साथ प्री स्कूल शिक्षा की मजबूत नींव तैयार की जाती है। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर चमेली, रितु, परमजीत मौजूद रहे।



भाकियू ने महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई

जींद। भारतीय किसान यूनियन ने शिव कालोनी स्थित यूनियन कार्यालय में स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई। जिलाध्यक्ष बिंद्र नंबरदार ने कहा कि इस दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद डीसी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो किसानों और मजदूरों को साथ लेकर यूनियन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों में बाजरे व धान की खरीद एमएसपी पर तुरंत प्रभाव से करवा कर फसल का तोल करवाया जाए। रबी फसल की बुआई के लिए डीएपी जल्द उपलब्ध करवाया जाए। गांव की घरेलू बिजली सप्लाई का समय शाम छह बजे से लेकर सुबह सात बजे तक किया जाए। पराली प्रबंधन की मशीने जल्द उपलब्ध होनी चाहिए, अन्यथा फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण रूप से जिम्मेदार संबंधित विभाग होगा। खरीद एजेंसी द्वारा फसल खरीद 24 घंटे चालू रखी जाए और बारदाना भी समय पर उपलब्ध हो।



कैंपस प्लेसमेंट में 37 विद्यार्थियों का चयन

उचाना। शिव गोरक्ष एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित नाथजी प्राइवेट आईटीआई पालवां रोड उचाना मंडी में मंगलवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। प्लेसमेंट ड्राइव में संस्थान के करीब 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ ऑन-जॉब ट्रेनिंग के अवसर भी उपलब्ध करवाए गए। लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान 12 विद्यार्थियों का स्थायी रोजगार के लिए तथा 25 विद्यार्थियों का ऑन-जॉब ट्रेनिंग के लिए चयन किया गया। सोसायटी की निदेशिका ऊषा देवी, अध्यक्ष राजेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। संस्थान के नियोजक अधिकारी सुशील श्योकंद ने कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट विद्यार्थियों को सीधे उद्योगों से जोडने और उनके तकनीकी कौशल को रोजगार में बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। संस्थान की ओर से भविष्य में भी विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।



केएम राजकीय कालेज में टैलेंट सर्च प्रतियोगिता

नरवाना। केएम राजकीय महाविद्यालय, नरवाना में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के निर्देशानुसार विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश बंसल परीक्षा नियंत्रक सीआरएसयू जींद व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने की । महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह और कॉलेज काउंसिल के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत फूल मालाएं पहनाकर व बुक्के देकर किया। मां सरस्वती की आराधना व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश बंसल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



इंदिरा एकादशी पर कीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

उचाना। इंदिरा एकादशी के उपलक्ष्य में श्री महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कीर्तन के दौरान मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने भगवान के भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। पुजारी अशोक शर्मा ने इंदिरा एकादशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व माना गया है। इंदिरा एकादशी पितरों को समर्पित होती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और व्रत करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यों के साथ जरूरतमंदों की सेवा करने का आह्वान किया।

एसडी महिला कॉलेज बना कबड्डी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭| उचाना



उचाना। विजेता टीम को सम्मानित करते देवव्रत ढांडा।

राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के खेल प्रांगण में सीआरएसयू इंटर कॉलेज नेशनल स्टाइल महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुकाबले आयोजित । प्रतियोगिता में बांगर शिक्षा समिति के महासचिव एवं उद्योगपति देवव्रत ढांडा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगतवीर सहरावत ने की। ढांडा ने कहा कि खेलों से टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत होती है। खेलों के माध्यम से लड़कियां भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। एशियन गेम्स में भी महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए बड़ी संख्या में पदक जीते हैं। पदक जीतने वालों में हरियाणा के खिलाड़ी आगे रहे। प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खेलों से भी युवा अपना भविष्य बना सकते है। खेलों के माध्यम से माता-पिता, गांव, प्रदेश का नाम रोशन युवा कर सकते है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना और हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ और निर्धारित समय के बाद स्कोर 54-54 की बराबरी पर रहा। इसके बाद दोनों टीमों को पांच-पांच रेड दी गईं।



नरवाना। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

धान खरीद प्रक्रिया में किसानों को परेशानी न हो

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में धान खरीद को लेकर मार्केट कमेटी के अधिकारियों, धान खरीद एजेंसियों तथा किसान संगठन प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीद सीजन के दौरान किसानों को मंडियों में उपलब्ध करवायी जा रही सुविधाओं, फसल की खरीद, उठान, भुगतान तथा मंडी व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाये, ताकि किसानों को अपनी फसल मंडी में लाने से लेकर उसकी बिक्री तक किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है और खरीद सीजन के दौरान मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं की नियमित रूप से निगरानी की जाए।



नरवाना। कथा वाचक राजीव वत्स कथा सुनाते हुए।

कथा के पंचम दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम

नरवाना। पटेल नगर स्थित सिंगला धर्मशाला मे भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक राजीव वत्स जी, वृंदावन वाले ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीहरि की विभिन्न लीलाओं एवं अवतारों का विस्तारपूर्वक वर्णन सुनाया। कथा वाचक राजीव वत्स ने गजेंद्र मोक्ष की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि जब जीव सांसारिक संकटों में घिरकर अपने सभी सांसारिक सहारों से निराश हो जाता है और पूर्ण श्रद्धा से भगवान की शरण में जाता है, तब भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए अवश्य आते हैं। गजेंद्र की भक्ति एवं भगवान विष्णु द्वारा उसे दिए गए मोक्ष का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इसके पश्चात कथावाचक ने भगवान वामन अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने राजा बलि की दानशीलता, भगवान वामन के विराट स्वरूप तथा भगवान की लीला का सुंदर वर्णन किया। कथा के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्य, धर्म, दान और अहंकार त्याग का संदेश दिया।

आज होगा सेवा ज्योति यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम

जींद। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को स्थानीय अर्जुन स्टेडियम में सुबह नौ बजे आयोजित किया जाएगा। सेवा ज्योति यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी होगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी तथा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री तथा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कै. योगेश बैरागी सहित जिला के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की भी सहभागिता रहेगी। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सेवा, जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

मंडियों में फसल बेचने को लेकर किसानों को आ रही परेशानी : रेढू

हरिभूमि न्यूज ⏭| जींद



इनेलो जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र रेढू ने कहा कि मंडियों में अपनी फसल को बेचने के लिए किसानों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें समय पर उठान न होना जिसके कारण मंडियों में फसल डालने के लिए जगह नहीं रहती है। जिससे किसानों को परेशान होना पड़ता है और फसल सड़कों तक आ जाती है। इसी तरह मंडियों में किसानों को जो सुविधाएं उपलब्ध करवानी होती हैं जैसे शौचालय की, पीने के पानी की, भोजन की व्यवस्था आदि हैं। जिला जींद की उपयुक्त भी इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि मंडियों में किसानों को दी जाने वाली सुविधाएं काफी कम हैं। औचक निरीक्षण में उन्होंने अधिकारियों को इस बारे हिदायत भी दी हैं कि इन्हीं सभी बातों को लेकर इनेलो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा सभी कार्यकर्ताओं के साथ आठ अक्टूबर को नरवाना और उचाना की मंडियों का दौरा करेंगे और वहां पर किसानों से मिल कर उनकी समस्या जानकर संबंधित अधिकारियों से उन समस्याओं को दूर करने के लिए कहेंगे। इस इस अवसर पर पार्टी के सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, हल्कास्तरीय नेता एवं गणमान्य कार्यकर्ता साथी भारी संख्या में उनके साथ रहेंगे।

गांव शाहपुर में किसान गोष्ठी में बोले-कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन व किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष

किसानों-सामाजिक मुद्दों पर मजबूती से काम करेंगे : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ⏭| जींद



जींद। गोष्ठी की अध्यक्षता करते टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन व किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने गांव शाहपुर में किसान गोष्ठी में बोलते हुए कहा कि देश का किसान पूरी तरह से जागृत हो चुका है, जो पराली जलाने की बजाय अपने खेतों में व अपने साधनों से किसी प्रकार का कोई भी प्रदूषण नहीं फेला रहा है। सरकार ने प्रदूषण को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के यंत्रों को भी किसानों को मुहैया करवाने का काम करना चाहिए और सरकार इस को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। कंडेला ने कहा कि आज देश का किसान प्राकृतिक खेती, बागवानी व मोटी फसलों की तरफ पूरा रुझान करने लगा है। जिससे अच्छी फसलें पैदा होंगी और किसान की धरती भी पूरी तरह से मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज ज्यादा कीटनाशकों का प्रयोग करने के कारण धरती की उर्वरकता घटती जा रही है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत नुकसानदायक सिद्ध होगी। ज्यादा कीटनाशकों में खाद के प्रयोग से जो फसलें खाने के लिए प्रयोग की जाती है व भी बीमारियों का कारण बनती हैं। कंडेला ने नशे के ऊपर बोलते हुए कहा कि देश की खाप पंचायतें अपने-अपने स्तर पर सरकार का गांव व शहरी स्तर पूरा सहयोग कर रही है। नशा पूरी तरह से परिवार को बर्बाद कर देता है और नशा करने वाले का शरीर भी खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए हमारा संगठन राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से काम कर रहा है। संगठन को मजबूत करने के लिए मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा की कमान जन कल्याण फाउंडेशन व भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राममेहर कंडेला को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसके अंदर किसान देश की रीड की हड्डी है। करोना काल में भी किसानों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया था और इसके अंदर उनकी भूमिका अहम रही।

ये रहे मौजूद

कंडेला ने सामाजिक मुद्दों के ऊपर बोलते कहा कि लिव इन रिलेशनशिप समाज के लिए एक घातक बीमारी बन चुकी है। इसके ऊपर सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और इसके तहत उन्होंने एक गांव में एक गोत्र में भी शादी पर रोक लगवाने के लिए मांग की है। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नगूरां बारह के प्रधान धर्मपाल खटकड़, नाडा खाप के प्रधान प्रेम सिंह नाडा, किसान नेता लाडा सिंह, गांव शाहपुर के सरपंच जयपाल, भारतीय किसान यूनियन के जींद के प्रधान पप्पू शाहपुर आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

107वीं बस यात्रा सिसला धाम के लिए रवाना

कैथल। श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति की ओर से मंगलवार को 107वीं निशुल्क धार्मिक बस यात्रा सिसला धाम के लिए रवाना की गई। कोयल कॉम्प्लेक्स पेट्रोल पंप से सुबह 5 बजे बस को ईश्वर सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में 49 श्रद्धालु शामिल हुए। सिसला धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इनमें चार श्रद्धालु ऐसे रहे, जिन्होंने पहली बार सिसला धाम जाकर बाबा के दर्शन किए। समिति महासचिव राजीव चौधरी ने ईश्वर सैनी का स्वागत कर उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया

कल मनाया जाएगा वायु सेना दिवस : फौजी

कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल अपने वायु वीर योद्धाओं के अटूट साहस, समर्पण और राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान जो देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने से पीछे नहीं हटे और मातृभूमि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे गये। उनकी बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए 8 अक्टूबर 2026 दिन रविवार को हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल के प्रांगण में 94 वां भारतीय वायु सेना दिवस धूमधाम से मनाते हुए श्रद्धांजलि दी जाएगी।

समाजहित के कार्यों में योगदान दें: हर्ष सेठी

पूंडरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी 7 अक्तूबर को आयोजित होने वाली ज्योत यात्रा को लेकर भाजपा पूंडरी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं और कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को अभियान से जुड़ी विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। भाजपा जिला सचिव हर्ष सेठी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

गर्भवतियों की गोद भराई की रस्म करवाई

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत चलाए जा रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत चंदाना गेट स्कूल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म कराई गई। वहीं नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं समुचित विकास को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, जिला संयोजक निधि मोहन, उपाध्यक्ष परमजीत, साधना गर्ग, मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी, पार्षद सैनी, सीडीपीओ गुरजीत कौर सहित सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

जूडो प्रतियोगिता में छात्र गुरप्रीत ने जीता पदक

कैथल। इंदिरा गांधी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल के छात्र गुरप्रीत ने सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता-2026 में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक मिनर्वा पब्लिक स्कूल, करनाल में हुआ। गुरप्रीत ने 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के 90 किलोग्राम भार वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उन्होंने बेहतर खेल कौशल, अनुशासन और मेहनत का प्रदर्शन किया।

दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

कैथल। जिले में अलग-अलग स्थानों से महिला सहित दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। पहले मामले में सिटी थाना में दी शिकायत में एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 45 साल की पत्नी 22 सितंबर की शाम से लापता है। उसने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां उसकी तलाश की, सुराग नहीं मिला। मामले में कैथल सदर थाना क्षेत्र के एक निवासी ने पुलिस को बताया कि उसकी 22 साल की बेटी 3 अक्टूबर दोपहर करीब 12 बजे घर से चली गई। परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

पुलिस लाइन मैदान में सांसद जिंदल बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत

एडीसी ने सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का वर्चुअल संबोधन होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत 2047 का सामुहिक संकल्प दिलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन पुलिस लाइन मैदान में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, लेबरफेड के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल सहित नगर निकाय, पंचायत समिति के चेयरमैन शामिल होंगे। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग की तैयारियों को गंभीरता से अंतिम रूप दें। एडीसी डॉ. सुशील कुमार मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उनके साथ कार्यक्रम के नोडल अधिकारी गुलजार मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एडीसी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे शुरू होगा। इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का वर्चुअल संबोधन होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत 2047 का सामुहिक संकल्प दिलाया जाएगा। साथ ही स्थानीय अतिथियों द्वारा सेवा ज्योति प्रज्वलित कर यात्रा निकाली जाएगी।



कैथल। एडीसी डॉ सुशील कुमार व जिला परिषद के सीईओ गुलजार मलिक पुलिस लाइन का दौरा करते हुए।

आवश्यक निर्देश जारी किए

एडीसी डॉ सुशील कुमार व जिला परिषद के सीईओ गुलजार मलिक ने पुलिस लाईन मैदान में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। एडीसी ने कहा कि टैंटेज, साउंड, एलईडी समय पर लगवाना सुनिश्चित करें। इसमें गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। इसके अलावा मंच पर मुख्यातिथि व अन्य अतिथिगणों तथा नागरिकों के बैठने की व्यवस्थाओं के बारे में आवश्यक निर्देश जारी किए।

अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें

एडीसी ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों, जनकल्याणकारी नीतियों और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा काल के 25 वर्ष पूर्ण होंगे। इसलिए कार्यक्रम का गरिमामयी तरीके से मनाया जाए। तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा यातायात व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित जाए। जिला नगर आयुक्त एवं नगर परिषद कैथल पुलिस लाइन मैदान में साफ-सफाई, मोबाईल शौचालयों की उपलब्धता के साथ-साथ सभी चौकों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। जन स्वास्थ्य विभाग आमजन के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बिजली विभाग निर्बाध बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन द्वारा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, एंबुलैंस की सुविधा उपलब्ध करवाएंगे। खेल विभाग, रेडक्रॉस, नेहरू युवा केंद्रों, आईटीआई तथा बीडीपीओज आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें।



कैथल। जाट आईटीआई में पदाधिकारियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा।

छात्रों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहा

- जाट आईटीआई कैथल में किया फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल समिति की प्रबंधन समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप-प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार सिंह सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई के प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य तथा अध्यापकों द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का फूल-मालाओं तथा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लड़के एवं लड़कियों ने बड़ी शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। एकल एवं समूह नृत्य में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर दलबीर कैरों, सत्यवान माजरा, राजपाल जागलान, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल सिंह, महावीर सिंह राविश, महावीर कुंडू, विक्रम सिंह, सनी चौसाला, जसबीर मानस, कुलदीप सिंह सहित संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन सतबीर चहल अनुदेशक एवं कोपा ट्रेड की छात्रा पूजा खटकड़ ने मंच सहयोगी की भूमिका अदा की।

विजेता सम्मानित

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर एंड मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही, जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा मिस फ्रेशर के रूप में कुमारी पूनम तथामिस्टर फ्रेशर के रूप में गुरनुरप्रीत सिंह को अव्वल घोषित किया गया। पूनम, जश्न, लक्ष्मी, काजल, महक, गुरनुरप्रीत सिंह, पायल, राखी, रुबीना तथा ईशु ने विशेष प्रस्तुतियां प्रस्तुत की.छात्राओं काजल, पायल और पूनम की शानदार प्रस्तुतियों से गदगद होकर प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कार स्वरूप 1100-1100 रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कुमारी पूनम को स्टाफ सदस्या मैडम निशा, सुमन तथा पूजा द्वारा उत्साहवर्धन हेतु 1100 रुपये की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।

फसल अवशेष न जलाने का आह्वान

- स्कूलों में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सतीश नारा के मार्गदर्शन तथा खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरमीत सिंह की अध्यक्षता में खंड राजौंद के विभिन्न गांवों के स्कूलों में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें गांव जाखौली, संतोख माजरा,नरवल, खेड़ी सिमंबल वाली तथा गुलियाणा के स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए ड्रॉइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने चित्रों और आकर्षक स्लोगनों के माध्यम से फसल अवशेष न जलाने तथा इसके उचित प्रबंधन का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा वायु प्रदूषण को कम करने के प्रति अपनी जागरूकता का प्रदर्शन किया। खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरमीत सिंह ने विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि फसल अवशेष जलाने से खेत की मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होने के साथ-साथ वातावरण में प्रदूषण भी बढ़ता है।



राजौंद। स्कूल में आयोजित ड्रॉइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करते कृषि विभाग के अधिकारी एवं स्कूल स्टाफ।

चार शिक्षाविदों को मिला शीलभद्र सम्मान

- प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में रखे विचार
- दार्जिलिंग साहित्य सम्मेलन में बीएआर कॉलेज कौल की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

बाबू अनंतराम जनता महाविद्यालय, कौल के प्रतिनिधिमंडल ने दार्जिलिंग में आयोजित 'भारतीय ज्ञान परंपराः शिक्षा, साहित्य एवं अनुसंधान' विषयक अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन आचार्य नंद दुलारे बाजपेयी फाउंडेशन, हरियाणा, विद्यासागर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, दार्जिलिंग तथा विंग्सः ए पब्लिक हाउस, सिलीगुड़ी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सम्मेलन में देशभर के 15 राज्यों से 700 से अधिक शोधार्थियों, प्राध्यापकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। इस दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा, शिक्षा, साहित्य एवं अनुसंधान के साथ-साथ प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा को वर्तमान शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने तथा नई पीढ़ी तक इसके मूल्यों को पहुंचाने पर विचार रखे। बाबू अनंतराम जनता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा, शिक्षा और साहित्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



ढांड। अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में भाग लेते पदाधिकारी।

शुभकामनाएं दी

सम्मेलन के दौरान साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल, डॉ. प्रेरणा, डॉ. राजीव कुमार गाबा और डॉ. अनीता नैन को शीलभद्र सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुमन भाटी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत आधुनिक पाठ्यक्रम में समाहित करने की संभावनाओं पर विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान तेजवीर सिंह ने सम्मेलन में सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों तथा सम्मानित शिक्षाविदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



गोष्ठी में विभिन्न राज्यों से आए 13 बाल साहित्यकार सम्मानित

राजौंद। बाल साहित्य की प्रतिष्ठित पत्रिका 'बाल वाटिका' के 27वें वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से आए 13 बाल साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 10 राज्यों के साहित्यकारों ने सहभागिता की। अधिवेशन का आयोजन 'बाल वाटिका' के संस्थापक एवं प्रधान संपादक डॉ. बैम्रूलाल गर्ग के संयोजन में किया गया। इस दौरान सोनीपत निवासी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टयोंठा, कैथल में कार्यरत प्राध्यापक डॉ. अशोक बैरागी को बाल साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'टम्मू देवी-सवाईराम प्रजापति स्मृति राष्ट्रीय बालवाटिका सृजन सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें नगद राशि, सम्मान पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।दो दिवसीय अधिवेशन के दौरान बाल साहित्य के विभिन्न पक्षों पर विस्तार से विचार-मंथन किया गया। साहित्यकारों ने वर्तमान समय में बाल साहित्य की भूमिका, बाल मनोविज्ञान, बच्चों में संस्कारों के विकास तथा जीवन-मूल्यों से जुड़े साहित्य की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।

नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

कैथल। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम, कैथल में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों एवं बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वुशु, बास्केटबॉल, योग और फुटबॉल से संबंधित गतिविधियां एवं मैच भी करवाए गए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। खेल व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से बढ़ते तनाव को भी कम करने में मदद मिलती है। इस दौरान खिलाड़ी ने नशे को ना, खेलों को हां का संदेश देते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में करीब 300 बच्चों एवं खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हैंडबॉल कोच प्रशांत राय, बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह , मोहिंदर भुम्बक, रणधीर ढांडा, जोगिंदर, मनोज डीपी, अमरजीत, इंदिरा, विक्रम, संदीप डीपी, रजत मोर तथा भीम अवार्डी गुरमैल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।



कैथल। खेलों में अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

एड्स के खिलाफ किया जागरूक

- स्वास्थ्य शिविर में हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

राजकीय कालेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रेड रिबन क्लब एवं महिला प्रकोष्ठ की ओर से विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ एचआईवी/एड्स की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध करवाना रहा। रेड रिबन क्लब की ओर से एचआईवी/एड्स की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए लोक माध्यम अभियान के तहत जागरूकता नाटक का मंचन किया गया। हरियाणा एड्स नियंत्रण सोसायटी, पंचकूला एवं रेडक्रॉस के संयुक्त सौजन्य से पहुंची नाटक मंडली ने प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।



राजौंद। राजकीय महाविद्यालय राजौंद में एचआईवी/एड्स जागरूकता नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के संयोजक हंसराज शर्मा, सहायक प्राध्यापक मनीषा, स्नेह लता सहित महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रोहताश नैन ने राजौंद अस्पताल की स्वास्थ्य टीम, हरियाणा एड्स नियंत्रण सोसायटी एवं रेडक्रॉस की नाटक मंडली, रेड रिबन क्लब, महिला प्रकोष्ठ आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम श्रद्धालुओं में उत्साह और उमंग का माहौल

श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वामन अवतार समुद्र मंथन और भक्त प्रहलाद का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

नगर के दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाया। कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु के वामन अवतार, समुद्र मंथन, भक्त प्रहलाद के चरित्र तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आचार्य अरविंद शास्त्री जी ने भगवान वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब राजा बलि ने अपने पराक्रम और दानशीलता के कारण तीनों लोकों पर अधिकार स्थापित कर लिया था, तब भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर उनके समक्ष पहुंचकर तीन पग भूमि का दान मांगा। भगवान ने अपने विराट स्वरूप से दो पग में ही पृथ्वी और आकाश को नाप लिया। तीसरे पग के लिए राजा बलि ने अपना सिर भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया।



राजौंद। आचार्य अरविंद शास्त्री से आशीर्वाद लेते तथा भागवत कथा में झूमे श्रद्धालु।

प्रहलाद बचपन से ही विष्णु के परम भक्त थे

कथा के दौरान भक्त प्रहलाद चरित्र ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य अरविंद शास्त्री जी ने बताया कि भक्त प्रहलाद बचपन से ही भगवान विष्णु के परम भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप भगवान की भक्ति के विरोधी थे और उन्होंने प्रहलाद को अनेक प्रकार की यातनाएं दीं, लेकिन प्रहलाद की भक्ति और विश्वास कभी नहीं डगमगाया। अंततः भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया। आचार्य ने कहा कि सच्ची भक्ति और दृढ़ विश्वास के सामने बड़ी से बड़ी बाधा भी टिक नहीं सकती। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भी मनोहारी प्रसंग सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह और उमंग का माहौल बन गया।



पूंडरी। मां बगलामुखी धाम में धाम के संचालक आचार्य राजीव कौशिक के साथ श्रद्धालुबद्ध।

नवरात्र में मां बगलामुखी की साधना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार: राजीव

पूंडरी। शारदीय नवरात्र के आगमन को लेकर कैथल मार्ग स्थित मां बगलामुखी धाम पूंडरी में श्रद्धालुओं में उत्साह है। 11 अक्तूबर से शुरू होने वाले नवरात्र को लेकर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और साधना को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। नवरात्र 19 अक्तूबर तक चलेंगे, जबकि 20 अक्तूबर को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। आज धाम में एक विशेष पूजा-अर्चना के दौरान मां बगलामुखी धाम के संचालक आचार्य राजीव कौशिक ने कहा कि नवरात्र शक्ति की उपासना और आत्मिक साधना का विशेष पर्व है। इन दिनों श्रद्धालुओं को सात्विक जीवनशैली अपनाते हुए नियमित रूप से मां की आराधना, मंत्र जाप और ध्यान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साधना का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियां प्राप्त करना नहीं, बल्कि मन को एकाग्र करना और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना भी है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार मां की पूजा-अर्चना करें तथा जरूरतमंदों की सहायता और सेवा को भी धार्मिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

खबर संक्षेप

8 तक करवा सकते हैं फसल का पंजीकरण

कैथल। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक रविंद्र कुमार ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक अपनी फसल का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवाया है, वे 8 अक्टूबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं। किसान अपने नजदीक सभी खंड कृषि अधिकारी कार्यालय में अपनी फसल का पंजीकरण करवा सकते है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी आने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं।

जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के ट्रायल 11 से

कैथल। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि खेल विभाग की ओर से जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत 30 विभिन्न खेलों के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल 11 से 14 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे जिले के विभिन्न स्टेडियमों, स्कूलों, कॉलेजों और खेल परिसरों में होंगे। ट्रायल में ओपन कैटेगरी के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। 11 अक्टूबर को छोटू राम इंडोर स्टेडियम में होगा।

मलेरिया का एक और मरीज मिला, संख्या सात पहुंची

जींद। स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया पॉजिटिव की रिपोर्ट मिली है। किनाना गांव के 53 वर्षीय व्यक्ति की मलेरिया जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके साथ ही इस वर्ष जिले में मलेरिया के मामलों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इससे पहले सितंबर में जिले में मलेरिया के छह मामले सामने आ चुके हैं। मौसम में बदलाव के साथ स्वास्थ्य विभाग मलेरिया और डेंगू की रोकथाम को लेकर निगरानी कर रहा है। जिला मलेरिया नोडल अधिकारी डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें फीवर मास सर्वे कर रही हैं।

आईटीआई नरवाना में आठ को कैंपस प्लेसमेंट

नरवाना। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नरवाना में युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध होने जा रहा है। संस्थान में 8 अक्टूबर 2026 को केवीटेक पावर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, झज्जर (हरियाणा) द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसमें फिटर, वेल्डर एवं इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी द्वारा कुल 30 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

बीपीएड और एमपीएड छात्रों के लिए व्याख्यान

जींद। खेलों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और शारीरिक क्षमता के वैज्ञानिक विकास में गति.विज्ञान एवं व्यायाम विज्ञान की भूमिका लगातार बढ़ रही है। आधुनिक खेलों में केवल अभ्यास ही पर्याप्त नहीं है बल्कि शरीर की गतिए व्यायाम की वैज्ञानिक तकनीक और प्रशिक्षण की नवीन पद्धतियों की समझ भी जरूरी है। छात्रों को इन क्षेत्रों की नवीनतम जानकारी और ज्ञान उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चौधरी रणबीर सिंह विवि में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का आज अंतिम दिन

इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना में महिला आर्चरी चैंपियनशिप का आगाज

- प्रदेशभर से पहुंचीं महिला तीरंदाजों ने सटीक निशानेबाजी से दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद





जींद। प्रतियोगिता के पहले दिन के विजेता अपने पदक दिखाते हुए।। फोटो : हरिभूमि

इंडस ग्लोबल अकेडमीए किनाना में मंगलवार को 41वीं हरियाणा स्टेट सीनियर एवं जूनियर महिला आर्चरी चैंपियनशिप 2026-27 का भव्य आगाज हुआ। हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन समारोह के साथ विभिन्न वर्गों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचीं महिला तीरंदाजों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन अभिमन्यु, जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट राम निवास हुड्डा और कोषाध्यक्ष सुभाष श्योराण के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह नजर आया। प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग की महिला खिलाड़ी अपने-अपने लक्ष्य पर निशाना साधते हुए पदक के लिए मुकाबला कर रही हैं। चैंपियनशिप का उद्देश्य प्रदेश की महिला तीरंदाजों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना और तीरंदाजी खेल को बढ़ावा देना है। पहले दिन खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैदान में लक्ष्य पर साधा गया हर निशाना खिलाड़ियों की मेहनत और तैयारी को दर्शाता नजर आया। प्रतियोगिता का दूसरा और अंतिम दिन सात अक्टूबर को आयोजित होगा। जिसमें खिलाड़ियों के बीच मुकाबले जारी रहेंगे। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप को लेकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। लक्ष्य पर नजर जीत पर ध्यान के संदेश के साथ आयोजित यह चैंपियनशिप प्रदेश की महिला तीरंदाजों के लिए अपनी खेल प्रतिभा को नई ऊंचाई देने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रही है।

उत्साहवर्धन किया

इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना की ओर से प्रवीण परूथी कोर्डिनेटरए इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डा. संजीव तायल, प्राचार्य इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना तथा हैडमास्टर जेएस सारंग ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया।

डिप्टी स्पीकर ने जींद बाजार का किया दौरा

सभी दुकान पर अग्निशामक यंत्र रखने का किया आह्वान

डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र वितरित किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। बाजार में फायर के सिलेंडर देते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मंगलवार को जींद शहर के पंजाबी बाजार से लेकर मेन बाजार तक का दौरा किया और दुकानदारों से आत्मीयता के साथ मुलाकात कर बाजार की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने स्वयं दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र वितरित किए और बाजार में आगजनी जैसी आकस्मिक घटनाओं से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि पंजाबी बाजार से लेकर मेन बाजार तक प्रत्येक दुकान पर फायर एक्सटिंग्विशर उपलब्ध होना चाहिए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में प्रारंभिक स्तर पर ही आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा सकें। उन्होंने कहा कि अतीत में सामने आए हादसों से हमें सीख लेते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए पहले से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने अपनी ओर से सहयोग देने का प्रयास किया है ताकि बाजार में अग्नि सुरक्षा के इंतजामों को मजबूत किया जा सके। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि केवल दुकानों तक अग्निशमन यंत्र उपलब्ध करवाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि बाजार में कुछ ऐसे महत्वपूर्ण एवं सुगम स्थान भी चिन्हित किए जाएंगे, जहां आवश्यकता पडऩे पर 24 घंटे अग्निशमन उपकरण उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि मेन बाजार के अन्य उपयुक्त स्थानों पर बड़े अग्निशमन सिलेंडर रखने की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में आसपास के दुकानदार एवं आमजन तत्काल इनका उपयोग कर सकें। विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि बाजार की सुरक्षा को लेकर सभी संबंधित व्यवस्थाओं को चरणबद्ध तरीके से मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर फायर एक्सटिंग्विशर अवश्य रखें।

सीसीटीवी कैमरे लगाने पर होगा विचार

उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आने वाले समय में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी विचार किया जाएगा। बाजार के महत्वपूर्ण स्थानों एवं चैकों को चिन्हित कर वहां कैमरे लगाए जाने की योजना पर विचार किया जा रहा हैए जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

अंडरग्राउंड वायरिंग की प्रक्रिया जारी

उपाध्यक्ष डा. मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जींद दौरे के दौरान बाजार में अंडरग्राउंड वायरिंग को लेकर भी चर्चा हुई थी। इस संबंध में प्रक्रिया चल रही है। अंडरग्राउंड वायरिंग होने से बाजार में बिजली की तारों से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी तथा बाजार का स्वरूप भी अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बाजार को सुविधाजनक बनाने के साथ.साथ इसकी सुंदरता पर भी ध्यान दिया जाएगा।

पार्किंग की समस्या के समाधान के प्रयास

विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि बाजार में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की समस्या भी एक महत्वपूर्ण विषय है। इस समस्या के समाधान के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा ताकि बाजार में आने वाले ग्राहकों एवं आमजन को सुविधा मिल सके और दुकानदारों के व्यापार को भी बढ़ावा मिले। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि बाजार का विकास, सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, पार्किंग, बिजली व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे तथा सौंदर्यीकरण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इन सभी कार्यों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाजार के प्रधान, दुकानदारों एवं बाजार प्रतिनिधियों के साथ मिल कर विकास से जुड़े विषयों पर आगे भी लगातार विचार-विमर्श किया जाएगा।

अमर शहीद नरेंद्र सिंधु की जयंती पर ग्रामीणों व परिजनों ने दी श्रद्धांजलि

राजौंद। राजौंद खंड के गांव रोहेड़ा के वीर सपूत अमर शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु शौर्य चक्र की जयंती पर ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनकी वीरता, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए कहा कि नरेंद्र सिंधु ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर गांव, क्षेत्र और पूरे हरियाणा का नाम गौरवान्वित किया है। अमर शहीद नरेंद्र सिंधु का जन्म 5 अक्टूबर 1996 को गांव रोहेड़ा में हुआ था। बचपन से ही उनके मन में भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का जूनून था। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने वर्ष 2017 में भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा का संकल्प पूरा किया। सेना में रहते हुए उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा, साहस और अदम्य वीरता का परिचय दिया।सितंबर 2025 में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम क्षेत्र में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान लांस नायक नरेंद्र सिंधु ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी वीरता और साहस को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया। उनकी शहादत की खबर से गांव रोहेड़ा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी।



राजौंद। गांव रोहेड़ा में अमर शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु शौर्य चक्र की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते ग्रामीण व परिजन।

मेला मंडी गेट पर संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

नरवाना। मेला मण्डी नरवाना में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा,जिस की अध्यक्षता इंद्र सिंह बेलारखा ने की और मंच संचालन निहाल सिंह ने किया । मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य है, मिलर फ़ाइनल नहीं हुए हैं ,24 हज़ार एकड़ आज तक मिसमैच पड़े हैं परन्तु दूसरी ओर हजारों क्विंटल धान बोरियों तुला पड़ा है,तो वो वारदाना किसका है,जब आज तक बारदाना ही एजेन्सियों ने उपलब्ध करवाया । प्राईवेट मिलरों के माल का भी उठानमण्ड से नहीं हो रहा है जब की 75 हजार क्विंटल धान आज भी बिना बोली के मण्डी में पढ़ा है,तो मंडी में धान डालने के लिए जगह कहाँ से आए गी ।ये आज का काम नहीं है किसानों की हर साल मंडी करोड़ों रूपये की लूट होती है, जो आज भी जारी है । रामप्यारी, डिम्पल, मास्टर बलजीत सिंह माण्डी, दलबीर सिंह सच्चा खेड़ा, बलबीर सिंह बेलारखा, सतबीर खरल, बलजिंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

10 को चीका में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

राजौंद। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर को डीएवी कॉलेज चीका के खेल प्रांगण में किया जाएगा। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव सोहन पाल राणा ने राजौंद में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-14 लड़के एवं लड़कियां, अंडर-16 लड़के एवं लड़कियां तथा वरिष्ठ महिला एवं पुरुष वर्ग में विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग के खिलाड़ियों में से इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित की जाएगी। अंडर-14 वर्ग में 17 नवंबर 2012 से 16 नवंबर 2014 के बीच जन्मे लड़के एवं लड़कियां भाग ले सकेंगे, जबकि अंडर-16 वर्ग में 17 नवंबर 2010 से 17 नवंबर 2012 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे। सोहन पाल राणा ने बताया कि एथलेटिक्स में यह ऐसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है, जिसके माध्यम से जिले के खिलाड़ी सीधे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित होते हैं। इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से किया जाता है।



जिला एथलेटिक्स एसो. के महासचिव सोहन पाल राणा।



नर्सिंग ऑफिसरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

कलायत। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर कलायत स्थित उपमंडल नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसरों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी। संगठन द्वारा 5 से 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इसके तहत नर्सिंग ऑफिसर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक धरने पर बैठकर सरकार की इस नीति के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवा रहे हैं। मंगलवार को आयोजित सांकेतिक हड़ताल की अध्यक्षता सुखदीप कौर ने की। मंच का संचालन ललित कुमार ने किया। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसरों ने सरकार पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के नाम पर उनके साथ अन्याय व मनमानी का आरोप लगाया। नर्सिंग ऑफिसरों ने कहा कि स्थानांतरण नीति ऐसी होनी चाहिए जो पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायसंगत हो।



बस स्टैंड पर चलाया स्वच्छता अभियान

कैथल। मानव उत्थान सेवा समिति कैथल द्वारा सतगुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से 1 से 10 अक्टूबर तक संपूर्ण भारतवर्ष में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में मानव उत्थान सेवा समिति कैथल द्वारा श्री हंस सद्भावना मंदिर आश्रम कैथल के प्रभारी महात्मा सुमिता बाई जी और महात्मा अनुपमा बाई जी द्वारा नया बस स्टैंड कैथल में पूरे बस स्टैंड में सफाई की गई । इस सफाई अभियान में मानव सेवा दल शाखा आश्रम विभाग यूथ विंग और सभी प्रेमियों ने इस सफाई अभियान में सहयोग दिया। कैथल बस स्टैंड के इंचार्ज ने सफाई अभियान की प्रशंसा की। अभियान के दौरान सदस्यों द्वारा न केवल बस स्टैंड परिसर बल्कि इसके आसपास भी सफाई की। सदस्यों में सफाई कार्य को लेकर सेवा का जज्बा देखते ही बनता था।

डॉ. विनय सिंघल ने बैंकॉक में 5वीं ग्लोबल संस्कृत कॉन्फ्रेंस में पढ़ा शोधपत्र

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय की संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. विनय सिंघल ने बैंकॉक में आयोजित 5वीं ग्लोबल संस्कृत कॉन्फ्रेंस में बीज वक्तव्य और शोध पत्र प्रस्तुत कर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। ग्लोबल संस्कृत फोरम व शिल्पाकोर्न विश्वविद्यालय की ओर से 28 से 30 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन में दुनियाभर से संस्कृत विद्वानों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान डॉ. सिंघल की पुस्तक 'मॉडर्न पर्सपेक्टिव्स ऑफ एनवायरनमेंटल कॉन्शसनेस इन संस्कृत लिटरेचर' का भी विमोचन किया गया। डॉ. सिंघल ने 28 सितंबर को प्रथम तकनीकी सत्र की सह-अध्यक्षता की, जिसमें करीब 22 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। 29 सितंबर को उन्होंने 'पर्यावरण चेतना एवं सतत विकास : भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा आधुनिक सतत विकास के लक्ष्यों के लिए किस प्रकार मार्गदर्शन दे सकती है। इस अवसर पर उन्हें शॉल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में थाईलैंड में भारत के राजदूत पुनीत अग्रवाल सहित विभिन्न देशों के विद्वान मौजूद रहे। डॉ. सिंघल ने राजदूत को 'आयुर्वेदिक पाक कला एवं सात्विक जीवन शैली' पुस्तक भेंट की। महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान अश्विनी शोरे वाला और प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने डॉ. सिंघल को उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी सहभागिता से महाविद्यालय की शैक्षणिक पहचान मजबूत हुई है। —



कैथल। डा. विनय सिंघल को सम्मानित करते पदाधिकारी।

नरवाना को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना मेरा संकल्प : बेदी

- लोगों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना



नरवाना। लोगों की समस्यायों को सुनते हुए कैबिनेट मंत्री। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि नरवाना उनके लिए केवल विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका अपना घर है। क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक उनके परिवार का सदस्य है और उसकी समस्याओं का समाधान करवाना उनका व्यक्तिगत दायित्व है। उन्होंने कहा कि नरवाना को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सोमवार देर शाम को नरवाना स्थित अपने निवास स्थान पर विभिन्न गांवों एवं शहर से पहुंचे क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरान कैबिनेट मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न गांवों में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करवाया जाए। इस अवसर पर चेयरमैन मार्केट कमेटी अमित ढाकल, मंडल अध्यक्ष सत्यवान शर्मा, दिनेश गोयल, सुरेश पांचाल, वीरेंद्र नैन, अमनदीप गुप्ता, विनय मित्तल, निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सील की गई दुकान में घुसने के आरोप में केस

कैथल। नई अनाज मंडी में कब्जा लेकर सील की गई दुकान का लॉक तोड़कर अज्ञात व्यक्ति अंदर घुस गए। दुकान नंबर 100 पर कब्जा लेने के बाद आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी ने इसे लॉक-सील कर सुरक्षित किया था। कंपनी की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी कार्यालय के माध्यम से पुलिस को दी शिकायत में कंपनी के अधिकृत अधिकारी राहुल ने बताया कि अमरजीत सिंह व अन्य के खिलाफ सरफेसी एक्ट के तहत कार्रवाई चल रही थी। इस मामले में एडीएम कैथल ने 3 मार्च 2026 को धारा 14 के तहत संपत्ति का भौतिक कब्जा लेने के आदेश दिए थे। इसके बाद पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 23 जुलाई के आदेश के तहत अधिकारियों व पुलिस की सहायता से 25 अगस्त को दुकान का भौतिक कब्जा लिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली पर दिया जोर, आठ को करेंगे प्रदर्शन

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने उठाई आवाज

एसआईआर रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते रिषिपाल हैबतपुर व अन्य नेता।

देशभर में विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के निर्णयों को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के तहत मंगलवार को इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता कांग्रेस जिला कार्यालय में आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर, पूर्व मंत्री रामभज, महावीर गुप्ता, बलराम कटवाल, भाकपा नेता रमेश चंद्र, कपूर सिंहसहित गठबंधन के अन्य नेताओं ने संबोधित किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से जुड़े निर्णयों की जांच की मांग करते हुए आंदोलन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में नेताओं ने पांच प्रमुख मांगें सामने रखीं। पहली मांग मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटा कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की रही। दूसरी मांग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रद्द कर उन सभी लोगों का मताधिकार बहाल करने की थी, जिनके नाम कथित तौर पर गलत तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए हैं उनको दोबारा शामिल किया जाए। गठबंधन नेताओं ने चुनाव आयोग की स्वतंत्र और लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली को बहाल करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद जरूरी है। चौथी मांग चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव की रही।

मताधिकार से वंचित नहीं कर सकते

कांग्रेस जिला प्रधान ऋषिपाल हैबतपुर सहित अन्य नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता और चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता लोकतंत्र की बुनियादी शर्तें हैं। उन्होंने कहा कि मताधिकार से किसी भी नागरिक को गलत तरीके से वंचित करना गंभीर विषय है। नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि इन मांगों को लेकर इंडिया गठबंधन का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जनता के बीच अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मसले पर इंडिया गठबंधन के आह्वान पर आगामी आठ अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

मौजूद रहे

इस मौके पर संगठन महासचिव पवन दुहन, धर्मपाल प्रधान, वजीर पानू, महिपाल कौशिक, ईशाक भट्टी, सत्तू संगतपुरा, जयदीप लाठर, विनोद रेढू आदि मौजूद रहे।